सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 14.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 14.07.2024 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र बांसी, खेसराहा, सिद्धार्थनगर में मिठवल बाजार, छितौनी, तिलौली, सोमेश्वर नाथ मंदिर, बुद्ध वन विहार, चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थानाक्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

एण्टी रोमियों टीम का विवरण-

01-म0उ0नि0 मीरा चौहान प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

02- महिला आरक्षी मधु भारती एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

03- महिला आरक्षी रीनू एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 14.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना मोहाना पुलिस द्वारा त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं आदि के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्री सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, अरुणकान्त सिंह क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थानाध्यक्ष मोहाना द्वारा आज दिनांक 14.07.2024 को थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में त्यौहार मोहर्रम के संदर्भ में बाते की गयी तथा लोगो से बातचीत कर शांतिपूर्वक व आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गयी और उच्चाधिकारी द्वारा बताये गए आदेश निर्देश से अवगत कराया गया।

प्रेस नोट दिनांक 14.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆त्यौहार मोहर्रम व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 14-07-2024 को जनपदीय पुलिस द्वारा मोहर्रम व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।